जागो आंबे मात भवानी

जागो आंबे मात भवानी जागो शेरावाली सवेरा हो गया है,
भक्त तुम्हारे द्वार खड़े है ले पूजा की थाली,
सवेरा हो गया है,

जागो माता रानी तुझको जगाये तेरे द्वार माँ
दर्शन के प्यासे नैना तुझको बुलाये दरबार माँ,
सुबह सुबह से सूरज आके दर पे जगमगाये,
सवेरा हो गया है,

दर पे तुम्हारे दास आ गए,
तुम को भवानी माँ मना गए,
फूल चढ़ाये ज्योति जगाये तुम को सभी मनाये,
सवेरा हो गया है,

ओह आंबे रानिये सब है निहारे बस तुझे माँ,
हाथो को जोड़ आंबे देके चले है बस तुझे माँ,
मेरे हाथो में पूजा की थाली आरती तेरी गई
सवेरा हो गया है,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/16177/title/jaago-ambe-maat-bhawani

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |